# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**E.mail :** registrar@ccsuniversity.ac.in **NAAC A++** Website www.ccsuniversity.ac.in

**पत्रांक :– आर० ओ० / 879 / 2025–26** **दिनांक :– 20.05.2026**

सेवा में,

01. जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– मेरठ।

02. जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– गाजियाबाद।

विषय– विश्वविद्यालय से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना–2027 सम्बंधित कार्य से मुक्त रखने के सम्बंध में, विश्वविद्यालय के पत्रांक आर0ओ0 / 541 / 2025–26 दिनांक 10.04.2026 के अनुक्रम में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया है कि महाविद्यालयों मे कार्यरत शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना–2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु सम्बद्व किया जा रहा है।

उक्त के सम्बंध में अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का दीक्षांत समारोह माह जूलाई 2026 में किया जाना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय की वार्षिक एवं व्यक्तिगत परीक्षाएं दिनांक 18 मार्च 2026 से तथा सम सेमेस्टर परीक्षाएं दिनांक 11 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ हो चुकी हैं तथा विश्वविद्यालय को समस्त व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं अप्रैल 2026 में प्रारम्भ हो चुकी हैं।

उक्त सभी परीक्षाएं जून 2026 के तृतीय सप्ताह मे सम्पन्न होने की सम्भावना है। साथ ही साथ मूल्यांकन की प्रक्रिया का कार्य भी प्रारम्भ हो चुका हैं। शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य मे प्रतिभाग किये जाने के कारण उनको जनगणना– 2027 से सम्बंधित कार्य हेतु मुक्त किया जाना सम्भव नहीं है। चूँकि लगभग 04 लाख से अधिक अभ्यर्थी / छात्र परीक्षा मे सम्मिलित हो रहे हैं। यदि शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना–2027 से सम्बंधित कार्य में प्रतिभाग किये जाने हेतु सम्मलित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में सत्र विलम्ब होने एवं छात्रों का भविष्य अंधकार मय होने की प्रबल सम्भावना हैं। यदि विश्वविद्यालय से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना 2027 के अन्तर्गत माकनसूचीकरण एवं मकानों की गणना से सम्बद्व किया जाता है, तो चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा उल्लिखित परीक्षाएं एवं मूल्यांकन निर्धारित अवधि में सम्पन्न कराया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। जिस कारण विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार माह जुलाई 2026 में सम्पन्न कराया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

उक्त सम्बंध में आपको यह भी अवगत कराना है कि पूर्ण प्रदेश में मात्र चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के मात्र 02 जिलों (मेरठ एवं गाजियाबाद) के शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना 2027 सम्बंधित कार्य में प्रतिभाग करने हेतु कार्यभार आवंटित किया गया है।

अतः महोदय से निवेदन है कि जनपद मेरठ एवं गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना 2027 मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य से मुक्त करने का कष्ट करें। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा समस्त परीक्षाएं एवं मूल्यांकन ससमय सुचारू रूप से सम्पन्न कराते हुये परीक्षा परीणाम ससमय घोषित किया जा सकें तथा मा0 राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह माह जूलाई 2026 में सम्पन्न किया जा सकें।

भवदीय,
20-5-26
कुलसचिव

**प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01 विशेष कार्याधिकारी, मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सादर संज्ञानार्थ।

02 प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सादर संज्ञानार्थ।

03 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ।

04 प्राचार्य / प्राचार्या, समस्त सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय, जनपद–मेरठ एवं गाजियाबाद।

कुलसचिव

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**E.mail :** registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website www.ccsuniversity.ac.in


पत्रांक :– आर० ओ०/879/2025–26 दिनांक :– 20.05.2026

सेवा में,

01. जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– मेरठ।

02. जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– गाजियाबाद।

विषय– विश्वविद्यालय से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना–2027 सम्बंधित कार्य से मुक्त रखने के सम्बंध में, विश्वविद्यालय के पत्रांक आर0ओ0/541/2025–26 दिनांक 10.04.2026 के अनुक्रम में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। विश्वविद्यालय से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के प्राचार्यगणों द्वारा दूरभाष पर अवगत कराया गया है कि महाविद्यालयों मे कार्यरत शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना–2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु सम्बद्व किया जा रहा है।

उक्त के सम्बंध में अवगत कराना है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिए गए निर्देशानुसार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का दीक्षांत समारोह माह जूलाई 2026 में किया जाना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय की वार्षिक एवं व्यक्तिगत परीक्षाएं दिनांक 18 मार्च 2026 से तथा सम सेमेस्टर परीक्षाएं दिनांक 11 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ हो चुकी हैं तथा विश्वविद्यालय को समस्त व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं अप्रैल 2026 में प्रारम्भ हो चुकी हैं।

उक्त सभी परीक्षाएं जून 2026 के तृतीय सप्ताह मे सम्पन्न होने की सम्भावना है। साथ ही साथ मूल्यांकन की प्रक्रिया का कार्य भी प्रारम्भ हो चुका हैं। शिक्षक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य मे प्रतिभाग किये जाने के कारण उनको जनगणना– 2027 से सम्बंधित कार्य हेतु मुक्त किया जाना सम्भव नहीं है। चूँकि लगभग 04 लाख से अधिक अभ्यर्थी/छात्र परीक्षा मे सम्मिलित हो रहे हैं। यदि शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना–2027 से सम्बंधित कार्य में प्रतिभाग किये जाने हेतु सम्मलित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में सत्र विलम्ब होने एवं छात्रों का भविष्य अंधकार मय होने की प्रबल सम्भावना हैं। यदि विश्वविद्यालय से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना 2027 के अन्तर्गत माकनसूचीकरण एवं मकानों की गणना से सम्बद्व किया जाता है, तो चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा उल्लिखित परीक्षाएं एवं मूल्यांकन निर्धारित अवधि में सम्पन्न कराया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा। जिस कारण विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह राज्यपाल सचिवालय के निर्देशानुसार माह जुलाई 2026 में सम्पन्न कराया जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।

उक्त सम्बंध में आपको यह भी अवगत कराना है कि पूर्ण प्रदेश में मात्र चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के मात्र 02 जिलों (मेरठ एवं गाजियाबाद) के शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना 2027 सम्बंधित कार्य में प्रतिभाग करने हेतु कार्यभार आवंटित किया गया है।

अतः महोदय से निवेदन है कि जनपद मेरठ एवं गाजियाबाद में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्व राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को जनगणना 2027 मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य से मुक्त करने का कष्ट करें। जिससे विश्वविद्यालय द्वारा समस्त परीक्षाएं एवं मूल्यांकन ससमय सुचारू रूप से सम्पन्न कराते हुये परीक्षा परीणाम ससमय घोषित किया जा सकें तथा मा0 राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया की अध्यक्षता में दीक्षांत समारोह माह जूलाई 2026 में सम्पन्न किया जा सकें।

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपि :– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

01 विशेष कार्याधिकारी, मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को सादर संज्ञानार्थ।
02 प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सादर संज्ञानार्थ।
03 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ।
04 प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त सम्बद्ध राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालय, जनपद–मेरठ एवं गाजियाबाद।

कुलसचिव